आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 28 लखनऊ, बुद्धवार 28 अक्तूबर से 06 नवम्बर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा ४० नए मानव तस्करी रोधी थाने का होगा निर्माण

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य के सभी जिलों में अब महिलाओं और बच्चों की तस्करी की जांच के लिए मानव तस्करी रोधी पुलिस स्टेशन बनाए जाएंगे। राज्य के सभी जिलों में तस्करी के मामलों में प्रभावी कार्रवाई के लिए इन पुलिस थानों का निर्माण किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, ४० नए एंटी–ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी, जिनकी कार्यप्रणाली पुलिस थानों के ही जैसी होगी। प्रदेश में पहले से कुल ३५ मानव तस्करी रोधी इकाइयां हैं, जिनका गठन साल



२०११ और २०१६ में तत्कालीन सरकारों द्वारा किया गया। सरकार के प्रवक्ता ने कहा, इन पुलिस स्टेशनों के पास एफआईआर दर्ज करने, जांच करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के अधिकार होंगे। ये थाने केंद्र सरकार के महिला सुरक्षा प्रभाग के निर्देश पर स्थापित किए जा रहे हैं और केंद्र द्वारा इनके निर्माण के लिए राशि भी आवंटित की गई है। प्रवक्ता के मुताबिक, ४० नए पुलिस स्टेशनों के लिए हर एक को १५ लाख रुपये के हिसाब से कुल छह करोड़ रुपये और पहले से स्थापित ३५ पुलिस स्टेशनों के लिए हर एक को १२ लाख रुपये के हिसाब से ४.२० करोड़ रुपये राज्य सरकार को दिए गए हैं।

## स्ट्रीट वेंडर को लोन नहीं, राहत पैकेज की जरूरत : प्रियंका वाड्रा

लखनऊ। भाजपा सरकार की हर योजना और नीति का विरोध कर रहीं कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने अब प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर सवाल उठाए हैं। मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आनलाइन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के गरीब रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को ऋण वितरण किया तो, इसमें भी खामियां निकालकर सरकार को सलाह दे डाली। कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा ने कार्यक्रम से पहले ट्वीट कर कहा कि 'आज पीएम साहब यूपी के कुछ रेहड़ी–पटरी दुकानदारों से बात करेंगे। पूरे लाकडाउन में रेहड़ी–पटरी वालों और छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी–रोटी उजड़ गई। रेहड़ी–पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं, एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है।श्कांग्रेस की यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने हाथरस कांड को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया– श्हाथरस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला इंसाफ की उम्मीद को मजबूत करता है। परिवार की पहले दिन से मांग थी कि कोर्ट की निगरानी में जांच हो। हाथरस की पीड़िता व उसके परिवार के साथ उप्र सरकार द्वारा जघन्य व्यवहार किया गया। चरित्र हनन किया गया। दुर्भावना व पूर्वाग्रह से निर्णय लिए गए।'

## दोषियों को सजा दिलाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की सिफारिश पर हाथरस कांड में पहले से चल रही सीबीआइ जांच जारी रहेगी। यह जांच इलाहाबाद हाई कोर्ट की निगरानी में आगे बढ़ेगी। हाथरस प्रकरण में यह आदेश मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया है। इस फैसले के बाद सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि यूपी की योगी सरकार हाथरस प्रकरण में पूरा घटनाक्रम सामने लाने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी मंशा से सरकार ने प्रकरण की जांच सीबीआइ को सौंपते हुए सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि सीबीआइ जांच कोर्ट की निगरानी में कराई जाए।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हाथरस केस की निगरानी स्वयं करने से इनकार करते हुए कहा कि हाई कोर्ट पहले ही मामले पर स्वतरू संज्ञान लेकर विचार कर रहा है, ऐसे में हाई कोर्ट से मामला लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्वयं निगरानी करने की जरूरत नहीं लगती। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की जांच उत्तर प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित करने का आदेश नहीं दिया और कहा कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो इस पर विचार किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच सीबीआइ कर रही है और इसके प्रति आशंकित होने की जरूरत नहीं है।सुप्रीम कोर्ट ने सीआरपीएफ को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर पीड़ित परिवार और गवाहों को सुरक्षा दे। ये आदेश मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, एएस बोपन्ना और वी. रामसुब्रमण्यम की पीठ ने हाथरस कांड की निष्पक्ष जांच और मामले को उत्तर प्रदेश से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं का निपटारा करते हुए सुनाया।उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के चंदपा गांव में १६ वर्षीय दलित युवती से कथित दुष्कर्म और बर्बबता हुई थी जिसमें आयी चोटों से बाद में युवती की मौत हो गई थी। युवती का अंतिम संस्कार पुलिस ने रात मे करा दिया जिस पर भी काफी विवाद उठा था। इन सभी मुद्दों को उठाते हुए कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच और केस को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग वाली कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई थीं।

## मिशन शक्ति की कसौटी पर खरे नहीं उतरे २२ जिलों की पुलिस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं व बच्चों के साथ हुई संगीन घटनाओं में आरोपितों को सजा दिलाने में २२ जिले फिसड्डी रहे हैं। एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय ने इसे लेकर एक रिपोर्ट गृह विभाग को सौंपी है। रिपोर्ट में मिशन शक्ति के तहत की गई कार्रवाई का ब्योरा दिए जाने के साथ ही २२ जिलों के प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल भी उठाए गए हैं। कहा गया है कि इन जिलों के अधिकारियों ने अभियान के तहत आरोपितों को सजा दिलाने में रुचि नहीं ली।उत्तर प्रदेश के अभियोजन विभाग की रिपोर्ट में अलीगढ़, एटा, देवरिया, कुशीनगर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, कानपुर देहात, इटावा, जालौन, झांसी, ललितपुर, सीतापुर, रायबरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, प्रयागराज, शामली, कौशाम्बी, मऊ व भदोही में अभियान के तहत आरोपितों को सजा दिलाने में रुचि न लिए जाने की बात कही गई है।एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय के अनुसार मिशन शक्ति के तहत सूबे में ६०० आरोपितों की जमानत खारिज कराई गई। इसके अलावा ४२ मुकदमों में ८६ आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई। ६५ मामलों में ६६ आरोपितों को १० वर्ष व उससे अधिक की सजा दिलाने में कामयाबी मिली। इसके अलावा २६६ आरोपितों को जिला बदर कराया गया।अभियान अधिकारियों की मजबूत पैरवी के चलते महिलाओं व बच्चों के साथ हुए जघन्य अपराधों में बीते एक वर्ष में अब तक ११ मुकदमों में १८ आरोपितों को फांसी की सजा दिलाई गई है। एडीजी का कहना है कि जिन जिलों में अभियान के तहत कार्रवाई पीछे रही है, उनके अभियोजन अधिकारियों से जवाब मांगा जा रहा है।

## झूठे प्रचार पर करोड़ों खर्च लेकिन महंगाई पर यूपी सरकार चुप : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने त्योहारों के समय सब्जियों के महंगी होने को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठे प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च करने वाली सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। प्रियंका गांधी ने बाजार में बिक रहीं विभिन्नि सब्जियों के दाम का उल्लेख करते हुए ट्वीट किया, पूरे उप्र में त्योहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप पड़े हैं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। प्रियंका ने प्रधानमंत्री के रेहड़ी–पटरी दुकानदारों के साथ संवाद से पहले कहा कि इन छोटे दुकानदारों को विशेष सहायता पैकेज की जरूरत



है। उन्होंने कहा, पूरे लकडाउन में रेहड़ी–पटरी वालों, छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी–रोटी उजड़ गई। रेहड़ी–पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं बल्कि एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है।

# सम्पादकीय

## गरीबी का रोना रोना देश के गरीबों का मजाक

सत्ता की जोर–जबरदस्ती से संसद में कृषि विधेयकों को पारित करवाने और उन्हें कानून की शक्ल देने वाली भाजपा को अब किसानों का विरोध–प्रदर्शन भी बरदाश्त नहीं हो रहा है सत्ता की जोर–जबरदस्ती से संसद में कृषि विधेयकों को पारित करवाने और उन्हें कानून की शक्ल देने वाली भाजपा को अब किसानों का विरोध–प्रदर्शन भी बरदाश्त नहीं हो रहा है। एक महीने से अधिक वक्त से पंजाब–हरियाणा समेत देश के कई हिस्सों में किसान इस मुद्दे पर आक्रोशित हैं। पंजाब में कई दिनों तक रेल पटरी पर बैठकर किसानों ने धरना दिया। पंजाब विधानसभा में षि कानूनों को संशोधित करके चार विधेयक भी पारित कर दिए गए हैं जिनमें गेहूं या धान की बिक्री एमएसपी या उससे अधिक पर करने के साथ–साथ एपीएमसी अधिनियम २०१६ को लेकर यथास्थिति बहाल करने और अनाज को जमाखोरी और कालाबाजारी से बचाने के प्रावधान हैं। पंजाब के बाद राजस्थान भी इसी तरह के विधेयक पारित करने पर विचार कर रही है। कृषि कानून पर केवल विपक्ष ही भाजपा का विरोध नहीं कर रहा है, लंबे समय तक एनडीए में सहयोगी रही शिरोमणि अकाली दल ने भी इसी वजह से भाजपा का साथ छोड़ दिया। पंजाब में भाजपा महासचिव और कोर कमेटी के सदस्य मालविंदर कांग ने इसी मुद्दे को लेकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और अब भाजपा किसान मोर्चा के पंजाब प्रमुख तरलोचन सिंह गिल ने भी कृषि कानूनों पर उनके विरोध को नजरंदाज किए जाने के कारण इस्तीफा दे दिया। ये सारे लोग निश्चित ही किसानों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। किसान नए कानूनों के आने से अपने भविष्य को लेकर इतने फिक्रमंद हैं कि अब उन्हें इसमें रावण जैसी बुराइयां नजर आने लगी हैं। इसलिए कल पंजाब में जगह–जगह नए कृषि कानूनों के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ–साथ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के मुखौटे रावण के पुतले के साथ जलाए गए। ऐसा दृश्य पिछले ७० सालों में देश ने नहीं देखा, जब किसी प्रधानमंत्री और देश के शीर्ष उद्योगपतियों के मुखौटे साथ में जलाए गए। लोकतांत्रिक देश में पुतले जलाने जैसी घटनाएं इसलिए स्वीकार्य हो जाती हैं कि इस तरह लोगों को अपना गुस्सा प्रकट करने के लिए स्थान मिल जाता है, अन्यथा कई बार इन हालात में कानून–व्यवस्था को संभालना कठिन हो सकता है। लेकिन भाजपा को अब नाराजगी के इस प्रकटीकरण में भी सियासी साजिश नजर आ रही है। इसलिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि ये घटना शर्मनाक तो है लेकिन अनापेक्षित नहीं। पंजाब में पीएम मोदी का पुतला जलाने का शर्मनाक ड्रामा राहुल गांधी के द्वारा निर्देशित है, लेकिन उन्हें ऐसी ही उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि नेहरू–गांधी खानदान ने कभी भी प्रधानमंत्री पद का सम्मान नहीं किया है। बिचौलियों से किसानों को बचाने के नाम पर उन्हें उद्योगपतियों के रहमोकरम पर तो नहीं छोड़ा जा सकता। इतने दिनों में प्रधानमंत्री समेत सरकार के तमाम मंत्रियों ने ये तो कहा कि नए कृषि कानून किसानों के हित में हैं। लेकिन इस बीच किसान प्रतिनिधियों या संगठनों से ईमानदारी से चर्चा की कोशिश ही नहीं हुई। एक बार किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया तो गया, लेकिन कृषि मंत्री ही उस बैठक में मौजूद नहीं थे। जिससे किसान बैठक से बाहर आ गए। इसके बाद उनकी नाराजगी और बढ़ सकती है, यह अंदाजा सरकार को होना चाहिए था, लेकिन सरकार अपने बहुमत के अहंकार में इस कदर डूबी है कि उसे किसानों का गुस्सा तो दूर, उनकी चिंताएं भी समझ नहीं आ रही। मोदीजी की गरीबी वाला एंगल भाजपा न जाने कितने बरसों तक चलाएगी, जबकि वे तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और छह सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं। उनके हाव–भाव से लेकर वेषभूषा हर बात से संपन्नता का आत्मसंतोष टपकता है। ऐसे में उनकी गरीबी का रोना रोना दरअसल इस देश के असल गरीबों का मजाक है।

## मेट्रो स्टेशन के पास सड़क हादसे में पांच लोग घायल



लखनऊ। गाजीपुर क्षेत्र के लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास एक अनियंत्रित कार मेट्रो स्टेशन के खंभे से टकरा गई। इस दौरान पीछे से आ रही दूसरी कार भी उससे टकरा गई। इससे दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए, वहीं मेट्रो स्टेशन का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

# 'मिशन शक्ति' में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ आए औद्योगिक संगठन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान में औद्योगिक संगठन भी सहभागी बनकर सामने आए हैं। संगठनों ने कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताई है। वहीं, प्रदेश भर में जागरुकता कार्यक्रम के साथ ही महिला हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई हैं।प्रदेश सरकार ने १७ अक्टूबर को मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की थी। इसका एक उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा भी था। सरकार का मानना है कि कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा से देश और प्रदेश का आर्थिक विकास भी होगा, क्योंकि सुरक्षा की भावना के साथ उनका योगदान रचनात्मक कार्यों में अधिकाधिक हो सकेगा। इसी भावना के साथ पिछले दस दिनों में इस मिशन के तहत विभिन्न स्थानों पर अनेक जागरुकता कार्यक्रम किए गए। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, तमाम औद्योगिक संगठन, इकाइयों और व्यापार संगठनों ने इसमें हिस्सा लेकर महिला सुरक्षा का संदेश मुखर ढंग से दिया।औद्योगिक विकास विभाग की भागीदारी से कई व्यापारिक संगठनों ने भी इसका समर्थन किया। सोशल मीडिया पर भी सरकार के प्रयासों की सराहना की गई। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइआइए) ने अपने ट्वीट में कहा– हम नौ दिन शक्ति की पूजा करते हैं। आइआइए इस अवसर पर सरकार के महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण और कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल के लिए अभिनव प्रयास 'मिशन शक्ति' के साथ है। सीआइआइ, फिक्की, एसोचैम, पीएचडी चौंबर अफ कमर्स, लघु उद्योग भारती, रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया और अन्य संगठनों ने इसमें सक्रिय रूप से भागीदारी की।इसी बीच बाराबंकी में मंगलवार को महिला कल्याण विभाग और यूनिसेफ ने बीपी इंटर कॉलेज में एक जागरुकता कार्यक्रम किया, जिसमें छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर १८१, १०९८, १०६०, ११२ और १०७६ के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। इससे पहले सोमवार को बाराबंकी की छह तहसील और बारह ब्लक में महिला हेल्पडेस्क शुरू की गई थीं। हरदोई की सभी तहसीलों में, मैनपुरी के सभी १४ थानों में हेल्पडेस्क बन चुकी हैं। इसके अलावा बरेली व मीरजापुर के आश्रम पद्धति विद्यालयों और गाजियाबाद में भी अनेक जागरुकता कार्यक्रम हुए।

# भारतीयता का प्रतीक बने गोरखपुर सैनिक स्कूल : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। गोरखपुर में नया सैनिक स्कूल बनना प्रस्तावित है। इसके अनावासीय और आवासीय भवनों के निर्माण का प्रस्तुतीकरण मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल का भवन भारतीयता का प्रतीक बने। साथ ही अडिटोरियम की क्षमता बढ़ाने के लिए भी कहा है। अपने सरकारी आवास पर प्रस्तुतीकरण देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भवनों का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए करें। इन्हें वर्टिकल रूप से बनाने पर विचार करें, ताकि खेल मैदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। निर्माण की प्रक्रिया चरणबद्ध व समयबद्ध ढंग से पूरी करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूल के भवन का वास्तु भारतीयता और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बने। इसका स्वरूप भारतीय परंपरा और संस्कृति को दर्शाए। भवनों और स्कूल के निर्माण में



भारतीय महापुरुषों, वीरांगनाओं और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के शौर्य और पराक्रम की गौरव गाथा को प्रदर्शित किया जाए। इसकी शैली उत्ष्ट और जीवंत हो। प्राचीन भारतीय विरासत के साथ–साथ आधुनिकता का समन्वय करते हुए तकनीक, डिजाइन और सुविधाओं का समावेश होना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित सैनिक स्कूल में मल्टीपरपज हॉल, ऑडिटोरियम, सोलर लाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, बागवानी व जैविक खेती, गौशाला, ध्यान केंद्र, शूटिंग रेंज, घुड़सवारी, स्विमिंग पूल आदि व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आवासीय और अनावासीय भवनों सहित इनके निर्माण की चरणबद्ध योजना बनाई गई है। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जनरल आरपी शाही, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला, प्रमुख सचिव लोक निर्माण नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विपक्ष को आंखों से पर्दा हटाकर चौतरफा विकास की सच्चाई को देखना चाहिए : स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को छोटे व पटरी दुकानदारों के लिए वरदान बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के उत्त प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को अपनी आंखों से पर्दा हटा कर चौतरफा विकास की सच्चाई को देखना चाहिए। भाजपा कोरोना संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित समाज के वर्गों की समस्याओं को हल करने का लगातार काम कर रही है।यूपी बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकारों पर कुछ नहीं कर पाने का आरोप लगाने वालों को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकारें लगातार किसानों, महिलाओं व गरीबों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही हैं। मूलभूत सुविधाओं व उन्नति के लिए भरपूर प्रयास कर रही हैं।स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा गरीब और छोटे दुकानदारों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के साढ़े तीन लाख से ज्यादा रेहड़ी, खोमचे वाले व पटरी दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में ऋण वितरित किया जाना है। यूपी बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कोरोना संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित समाज के वर्गों की समस्याओं को हल करने का लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने जो सपना गरीबों और छोटे दुकानदारों के कल्याण के लिए देखा, उसे योगी आदित्यनाथ धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। इसी कारण उप्र को स्वनिधि योजना के तहत ऋण बांटने में पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट की निगरानी में हाथरस कांड की जांच करेगी सीबीआइ : सुप्रीम कोर्ट

लखनऊ। हाथरस के चंदपा थाना क्षेत्र के बूलगढ़ी गांव में दलित युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के दौरान बर्बरता के कारण मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना निर्णय सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का सभी को बेसब्री से इंतजार था। सुप्रीम कोर्ट ने अब हाथरस का बड़ा मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट को भेज दिया है। सीबीआइ अब इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ निगरानी में जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एसए बोबडे की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय बेंच ने कहा कि हाथरस के पीडिघ्त परिवार की सुरक्षा के साथ ही गवाहों की सुरक्षा से लेकर अन्य तमाम पहलुओं को इलाहाबाद हाईकोर्ट देखेगी। इस मामले में सीबीआई अपनी स्टेटस रिपोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट को देगी। इस दौरान हाईकोर्ट मामले को मनिटर करेगी। उत्तर प्रदेश से इस केस को ट्रांसफर करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसका फैसला बाद में होगा। सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस केस की निगरानी



इलाहाबाद हाईकोर्ट को सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा पीड़ित और गवाहों की सुरक्षा तथा केस की मेरिट से जुड़े हर पहलू को हाईकोर्ट देखेगा। केस दिल्ली स्थानांतरित करने पर कहा कि अभी सीबीआई जांच कर रही है जांच पूरी होने के बाद इस पर विचार होगा।चीफ जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने एक जनहित याचिका और कार्यकर्ताओं तथा वकीलों की ओर से दायर कई अन्य हस्तक्षेप याचिकाओं पर बीती १५ अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इन सभी याचिकाओं में दलील दी गयी थी कि उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है, क्योंकि कथित तौर पर जांच में कई बार बाधा डाली गई है। इस मामले की याचिकाओं में दलील दी गयी थी कि उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है। इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले जांच पूरी हो जाए फिर यह तय किया जाएगा कि केस ट्रांसफर होगा या नहीं।हाथरस के बूलगढ़ी गांव में १४ सितम्बर को एक दलित युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इसके बाद २६ सितंबर को उसकी दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

# बीजेपी के आठ उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी के आठ उम्मीदवारों ने आज अपना पर्चा दाखिल कर दिया। विधान भवन के टंडन हॉल



में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अरुण सिंह, पूर्व डीजीपी बृजलाल, नीरज शेखर, हरिद्वार दुबे, गीता शाक्य, बीएल शर्मा और सीमा द्विवेदी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। बता दें, उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीटें २५ नवंबर को खाली हो रही हैं। बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में ८ उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की।जबकि बीजेपी यूपी में ६ प्रत्याशी जीतने की स्थिति में है। इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीजेपी ने बीएसपी के उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए अपनी एक सीट खाली छोड़ी है। वहीं बीएसपी के पक्ष में समीकरण न होते हुए भी पार्टी की तरफ से रामजी गौतम ने नामांकन दाखिल किया है।

# यूपी से राज्यसभा की 10 सीटों के लिए 11 नामांकन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी समर्थित निर्दल उम्मीदवार प्रकाश बजाज ने मंगलवार को नामांकन के अंतिम क्षणों में पर्चा भरकर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की दस सीटों के निर्विरोध निर्वाचन में फिलहाल अड़ंगा लगा दिया है। नामांकन के अंतिम दिन केंद्रीय



मंत्री हरदीप सिंह पुरी समेत भारतीय जनता पार्टी के सभी आठ उम्मीदवारों ने भी पर्चा भरा। दस सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए ११ प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। नामांकन के अंतिम दिन राजनीतिक घटनाक्रम में तेजी से बदलाव होते रहे। माना जा रहा था कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी अपना नौंवां उम्मीदवार सीधे या समर्थन देकर राज्यसभा भेजने की कोशिश करेगी। सुबह करीब साढ़े ११ बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अखिलेश दास की पत्नी अलका दास के नाम से नामांकन खरीदा गया तो उनके चुनाव में उतरने की अटकलों ने जोर पकड़ा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्दल प्रत्याशी के तौर पर कई नामों की चर्चा चली परंतु दोपहर करीब साढ़े १२ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डा. दिनेश शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में मात्र आठ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन कराने जाने से चर्चाओं पर विराम लग गया।इससे पहले सुबह लगभग १०.३० बजे भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे हाल में राज्यसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह पुरी, अरुण सिंह, हरिद्वार दूबे, बृजलाल, नीरज शेखर, गीता शाक्य, बीएल वर्मा व सीमा द्विवेदी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। वहां प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने सभी औपचारिकताएं पूरी करायी। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रत्याशी विधानभवन के लिए निकले और नामांकन कराया। इस मौके पर सुरेश खन्ना, आशुतोष टंडन, बलदेव सिंह औलख, रमापति शास्त्री, विजय बहादुर पाठक, जेपीएस राठौर, गोविंद नारायण शुक्ला भी उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा केवल आठ प्रत्याशियों का नामांकन कराने से एक बार को लगने लगा कि दस सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो जाएगा, क्योंकि इससे पूर्व समाजवादी पार्टी की ओर से रामगोपाल यादव व बहुजन समाज पार्टी द्वारा रामजी गौतम का नामांकन कराया जा चुका था। यानी दस सीटों के लिए दोपहर पौने तीन बजे तक केवल दस लोगों के नामांकन पत्र ही जमा हो सके थे।नामांकन कराने का समय खत्म होने के करीब १५ मिनट पहले वाराणसी निवासी प्रकाश बजाज अपने समर्थकों व कुछ सपा विधायकों को साथ लेकर सेंट्रल हाल पहुंचे और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल कराया। प्रकाश के मैदान में उतरने से निर्विरोध चुनाव होने की संभावना फिलहाल खत्म हो गयी है। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा दो नवंबर तक नाम वापस लिए जा सकते है। नाम वापसी के बाद ही पूरी तरह से स्थिति साफ हो सकेगी कि मतदान होगा की नहीं। मतदान की स्थिति आने पर नौ नवंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक वोट डाले जाएंगे। उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

# घरेलू कलह के चलते पति पत्नी ने किया आत्महत्या

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिद्धपुरा गांव में एक महिला व पुरुष ने आपसी घरेलू कलह के चलते अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा भर कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी गोसाई गंज धीरेंद्र प्रताप कुशवाहा ने बताया सिद्धपुरा गांव निवासी महिला रेनू (३५) व पुरुष मंशाराम उर्फ पप्पू (४०) की मृत्यु की सूचना मृतक के भाई दिलीप पुत्र स्व. मथुरा ने दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर उपरोक्त दोनों मृतकों जो पति–पत्नी थे के शवों को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस की जांच में मंसाराम पुत्र स्व. मथुरा निवासी ग्राम सिद्धपुरा थाना गोसाईगंज व उसकी पत्नी रेनू के बीच शराब पीकर के घर आने के चलते आये दिन दोनों में झगडा होता था और दोनों मारपीट करते थे चार दिन पहले भी दोनों के बीच हुए झगड़े के बाद पत्नी ने कांच पीसकर पी लिया था, परन्तु बच गई थी। सोमवार की शाम को दोनों के बीच विवाद हुआ जिसमें मंसाराम ने पत्नी को मारापीटा जिससे परेशान हो कर पत्नी रेनू ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई तथा पति मंशाराम ने घर के बाहर बबलू के पेड़ में साड़ी के फंदे से लटक कर फांसी लगा लिया उपरोक्त दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक दो भाई थे जो भाइयों में सबसे बड़ा था मृतक के एक बेटा और एक पुत्री है जिनका रो–रोकर बुरा हाल हैद्य

# पुलिस की मिलीभगत से टैक्सी ड्राइवरों से अवैध वसूली जोरों पर

लखनऊ। पुलिस की मिलीभगत से अहिमामऊ ओवर ब्रिज के नीचे टैक्सी ड्राइवरों से वसूला जा रहा है गुंडा टैक्स थाना सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अहिमामऊ में सुल्तानपुर रोड पर पुलिस द्वारा टैक्सी वाहनों से गुंडा टैक्स की वसूली की जा रही है। इस मामले में स्थानीय थाने की पुलिस की मिलीभगत बताई जा रही है अहिमाऊ ओवर ब्रिज के नीचे अपनी टैक्सी खड़ा करने वाले ड्राइवरों के अनुसार ओवर ब्रिज के नीचे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले महेश खेड़ा निवासी राम जी यादव टैक्सी चालकों से एक हजार पचास रुपए प्रति माह और बीस रुपए प्रति दिन वसूली करता है। टैक्सी चालकों के अनुसार थाने की बेगार में जाने के लिए भी टैक्सी व्यवस्था यही करता है। यह सब उस स्थान पर होता है जहां हर समय ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहती हैं अपने को टैक्सी स्टैंड का मलिक बताने वाले इस व्यक्ति के उस चौराहे पर ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिस वालो की मिलीभगत बताई जाती है टैक्सी ड्राइवरों का कहना है कि स्थानीय पुलिस के लिए बेगार पर टैक्सी भेजने का काम भी राम जी ही करता है।इसी बात से पता चलता है कि अहिमा मऊ में टैक्सी चालकों से वसूली करने के काम में उस राम जी के स्थानीय पुलिस के साथ गहरी सांठ गांठ चल रहा अवैध वसूली हैं।

# कांग्रेस तथा ठैच के बड़े नेता समाजवादी पार्टी में शामिल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने इरादे जता दिए हैं। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ उनके समर्थकों तथा बसपा के कद्दावर नेता के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने सलीम शेरवानी समेत अन्य नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। अखिलेश यादव ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व पांच बार के सांसद रहे कांग्रेसी नेता सलीम शेरवानी के साथ अंबेडकरनगर से पूर्व सांसद बसपा कोऑर्डिनेटर त्रिभुवन दत्त को उनके तमाम समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ नसीम बेगम, हरदोई के शाहाबाद से बसपा से विधायक रहे आसिफ उर्फ बब्बू खां, हापुड़ की धौलाना सीट से बसपा विधायक असलम चौधरी की पत्नी, महाराजगंज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभु दयाल चौहान समेत कई अन्य नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं। पूर्व पीसीएस अधिकारी वीके सैनी व कैप्टेन इंद्रपाल सिंह पाल समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।कानपुर देहात के सिंकदरा




से भारतीय जनता पार्टी के विधायक अजीत सिंह पाल के भाई कैप्टन इंद्रपाल ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा है। इंद्रपाल सिंह पाल २०१६ के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के साथ थे। शिवपाल यादव ने उन्हें कानपुर देहात की अकबरपुर सीट से लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। इनके साथ महराजगंज के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभु दयाल चौहान भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं।समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी का लक्ष्य २०२२ के विधानसभा चुनाव हैं। इसमें जीत की शुरुआत तो सात सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव से ही हो रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी सरकार जिम्मेदार है। अब तो प्रदेश में आए दिन घटनाएं हो रही हैं। सरकार केवल अपराध के आंकड़े छुपाने का काम कर रही है।इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो बार इन्वेस्टर्स समिट में चार लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू के दावे थे। इसमें कितना निवेश आया इसकी जानकारी सरकार को देनी चाहिए। यह झूठी सरकार है। इसे हटाने के लिए हमारे साथ बहुत सारे लोग शामिल हो रहे हैं। आने वाले समय में देश की राजनीति का भी भविष्य उत्तर प्रदेश तय करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोरोना संक्रमण को लेकर एक ही निर्णय किया है कि जिसने कम टेस्ट होंगे उतनी कम बीमारी दिखाई देगी। अखिलेश ने कहा मंत्रियों, अधिकारियों, पत्रकारों और ना जाने कितने लोगों की जान चली गई। अब सरकार कह रही है कि इस बीमारी के साथ रहना होगा। अगर हमें बीमारी के साथ ही रहना है तो अस्पताल क्यों नहीं अच्छे कर रहे हैं। प्रदेश में न तो टेस्ट हो रहे हैं और न ही अस्पतालों में इलाज हो रहा है। बहुत सारे लोगों की जान चली गई न जाने कितने लोग बीमार हैं। अब तो यह सरकार कह रही है कि इस बीमारी के साथ रहना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय तो किसानों के साथ भी लूट हो गई है। किसानों की दशा को देखने वाला कोई नहीं है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार काम कर रही है और इसके परिणाम आगामी चुनाव में दिखाई देंगे।बदायूं से पांच बार सांसद रहे सलीम शेरवानी ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट करने के बाद समाजवादी पार्टी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी। सलीम शेरवानी ने कांग्रेस के टिकट पर २०१६ का लोकसभा चुनाव बदायूं से लड़ा था। सलीम शेरवानी १६८४ में पहली बार बदायूं से बने थे। इसके बाद १६६६, १६६८, १६६६ तथा २००४ में लगातार सांसद बनते रहे। सलीम शेरवानी का उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबा अनुभव रहा है। पांच बार सांसद रहने के साथ केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। २०१६ में उनके बदायूं में कांग्रेस के टिकट पर लडने के कारण सांसद धर्मेंद्र यादव को सीट गंवानी पड़ी थी।

## गुंडों-माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर अखिलेश को दर्द होना हैरानी पैदा करता है : सिद्धार्थनाथ सिंह

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कामकाज पर की गई टिप्पणी पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पलटवार किया है। सिद्धार्थनाथ सिंह ने बयान जारी कर गुंडे-माफिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही विकास को लेकर अपने सवाल



दागे। यूपी सरकार के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि योगी सरकार अपराधियों और गुंडों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इन आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों ने अवैध कब्जे कर रखे थे। बिना नक्शे के निर्माण कार्य करा रखा था। सपा सरकार इन तत्वों को संरक्षण दे रही थी, इसीलिए सपा अध्यक्ष को इन आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के अवैध कब्जे पुश्तैनी लगते हैं। गुंडों और माफिया के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई पर अखिलेश यादव को दर्द होना हैरानी पैदा करता है। सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐसा चश्मा पहन रखा है कि उन्हें राज्य सरकार के काम दिखाई नहीं पड़ते, अखिलेश यादव की ताजा बयानबाजी भी इसी बात का जीता-जागता उदाहरण है।सिद्धार्थनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों का ३६ हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। सपा सरकार के मुकाबले प्रदेश की वर्तमान सरकार ने किसानों से एमएसपी पर आठ गुना अधिक उपज की खरीद की, लेकिन अखिलेश को यह दिखाई नहीं पड़ता।मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में उत्तर प्रदेश अव्वल है। प्रदेश में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए एमओयू हुए थे। इसमें से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जमीन पर उतारा गया है। एक लाख करोड़ रुपये के निवेश के धरातल पर उतारने का काम हो रहा है। कोरोना काल में भी दस देशों ने राज्य में सात हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। अखिलेश को अपने जादुई चश्मे के कारण यह भी दिखाई नहीं पड़ता। सपा प्रमुख अपने गिरेबां में झांकें और प्रदेश की जनता को बताएं कि उनके कार्यकाल में कितने एमओयू हुए और उनका क्या नतीजा रहा। बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। इसके लिए मुख्यमंत्री व उनकी सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश में आए दिन घटनाएं हो रही हैं और सरकार केवल अपराध के आंकड़े छुपाने का काम कर रही है। कहा कि प्रदेश सरकार ने दो बार इन्वेस्टर्स समिट में चार लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू होने के दावे किए थे। इसमें कितना निवेश आया इसकी जानकारी सरकार को देनी चाहिए। यह झूठी सरकार है। इसे हटाने के लिए हमारे साथ बहुत सारे लोग शामिल हो रहे हैं। आने वाले समय में देश की राजनीति का भी भविष्य उत्तर प्रदेश तय करेगा। अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा पुश्तैनी मकानों पर बुलडोजर चलाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई मुझे यह बताए कि मुख्यमंत्री आवास का नक्शा पास है या नहीं ?

## भाजपा का राष्ट्र और तिरंगा प्रेम दिखावा : दीपक मिश्रा

लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) की ओर से बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती व तीन अन्य नेताओं के खिलाफ राष्ट्रध




वज तिरंगा के अपमान का आरोप लगाते हुए हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्र और तिरंगा प्रेम दिखावा है। मिश्र ने कहा कि तिरंगे के अपमान के लिए पीडीपी के उतना ही भाजपा भी दोषी है। बीजेपी व पीडीपी मिलकर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का कुत्सित खेल, खेल रही हैं। केंद्र में भाजपा की प्रत्यक्ष और उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू- कश्मीर में परोक्ष सरकार है, फिर भी महबूबा मुफ्ती के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। सर्वविदित है कि मुफ्ती भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना चुकी हैं। तिरंगे के अपमान पर कोई कार्रवाई न होना और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का रहस्यमयी तरीके से चुप रहना दोनों की आंतरिक मिली भगत को उजागर करता है। भाजपा के लिए तिरंगा व राष्ट्रवाद केवल चुनावी फलसफे हैं। उन्होंने कहा कि चीन व पाकिस्तान से दो कार्यकालों में दो कदम जमीन भी वापस नहीं पाई। अकेले लद्दाख मोर्चे पर ३८ हजार वर्ग किलोमीटर पर चीन कब्जा जमा चुका है। वहां तिरंगा फहराना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडीपी के झंडे के समानांतर राष्ट्रध्वज फहरा कर तिरंगे का दोहरा अपमान किया है। राष्ट्रमन दोनों कें त्यों से आहत है। दीपक के साथ प्रसपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, व्यापार सभा अध्यक्ष राम बाबू रस्तोगी, बौद्धिक सभा प्रदेश महासचिव ब्रजेश मिश्र, प्रदेश सचिव जावेद अली, फारूख, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर प्रसपा की जम्मू- कश्मीर के अध्यक्ष सरदार सुरेंदर सिंह ने भी कठुआ में महबूबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## लखनऊ में टप्पेबाज ने कार से उड़ाया लैपटॉप बैग

लखनऊ। राजधानी के टेढ़ी पुलिया सब्जीमंडी के पास स्थित आरके प्लाजा के बाहर कार से आयल टपकने का झांसा देकर टप्पेबाज किशोर बैग उड़ा ले गया। बैग में लैपटप, कुछ जरूरी कागजात और एटीएम कार्ड थें। इंस्पेक्टर विकासनगर ने बताया कि जानकीपुरम निवासी शिवराम त्रिपाठी रिकवरी एजेंसी चलाते हैं। सोमवार रात वह निजी काम से आरके प्लाजा गए थे। गाड़ी बाहर खड़ी करके शिवराम अंदर चले गए। कार में चालक संग्राम सिंह था। इस बीच एक किशोर ने चालक से कहा कि गाड़ी से आयल टपक रहा है। इस पर चालक कार से उतरा और बोनट खोलकर चेक करने लगा। इस बीच टप्पेबाज बच्चा कार में रखा बैग उड़ा ले गया। चालक गाड़ी में आया तो बैग गायब था। चालक ने शिवराम को घटना की जानकारी थी। शिवराम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की। इंस्पेक्टर ने बताया तहरीर के आधार पर टप्पेबाज की तलाश की जा रही है।

# अंत्योदय ही हमारा लक्ष्य, हम नहीं करते गरीबों के नाम पर राजनीति :नरेंद्र मोदी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत आयोजित कार्यक्रम में पटरी कारोबारियों से संवाद करने के बाद इनके नाम पर राजनीति करने वालों पर हमला भी बोला। उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों से वार्ता के बाद पीएम मोदी ने अपने संबोधन में साफ लफ्जों में कहा कि गरीबों के समग्र विकास के लिए कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेगें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम गरीबों के नाम पर राजनीति नहीं करते। यह हमारे लिए राजनीति का विषय नहीं हैं। हम तो इनकी सेवा, इनके उत्थान, इनकी आत्मसम्मान की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण का संकटकाल हो या इसके पहले की स्थिति, हमने सतत सेवाभाव से अंत्योदय के लक्ष्य को पाने के लिए कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र के साथ राज्य सरकार गरीब के जीवन और कारोबार को बेहतर बनाने में हम कोई कोर–कसर नहीं छोड़ेगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास रहा है कि योजनाओं का लाभ पाने में गरीब को कोई दिक्कत न हो। अब तो पारदर्शीता और तेजी के लिए अधिकतम तकनीक का प्रयोग हो। ऐसा हुआ भी। इसमें जनधन खातों की बड़ी भूमिका रही। यह वहीं खाते हैं जिनके खुलने पर कुछ लोगों को बड़ी पीड़ा हुई थी। यह वही लोग है जो खुद तो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं। गरीबों के नाम पर राजनीति करते हैं, पर बेईमानी का सारा ठीकरा गरीबों पर ही फोड़ देते हैं। पर इस योजना से लाभ पाने के बाद ऋण चुकाना शुरू कर गरीबों ने ऐसी सोच वालों को बताया कि गरीब ईमानदार होता है। वह स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करता। आप लोग अधिकतम लोगों को इस योजना के बारे में बताएं ताकि वह भी ऋण लेकर आपकी ही तरह अपने जीवन को बेहतर कर सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गरीबों की खुशी मुझे संतोष देती है। इससे हमें और काम करने की प्रेरणा मिलती है। आपका आत्मविश्वास, कारोबार और परिवार को लेकर चिंता, प्रबंधन, नियोजन और तकनीक के प्रति प्रेम काबिले तारीफ है। यह औरों के लिए भी सीख है। आपकी यही सकारात्मक सोच हमारी ताकत है। ऐसे ही प्रयासों से देश आगे बढ़ता है और आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के शुरुआत में कई लोगों ने इससे निबटने के लिए भारत की क्षमताओं पर आशंका जताई। इस दौरान सरकार ने अपने सभी योजनाओं के केंद्र में लकडाउन से सर्वाधिक प्रभावित गरीबों को ही केंद्र में रखा। कोरोना में जब जीवन तकरीबन ठहर गया था उस दौरान इन योजनाओं के प्रगति की गति काबिले तारीफ रही। देश की आजादी




के बाद पहली बार लोगों ने ऐसा होता देखा। पूरा देश अपनी पूरी ताकत और संसाधनों के साथ गरीबों के साथ खड़ा रहा। इस दौरान आपके श्रम को सम्मान और आपके काम को पहचान भी मिली।पटरी दुकानदारों से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग विषम हालातों में कोरोना से जिस तरह लड़े उसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। यकीनन शीघ्र ही कोराना हारेगा, पर पर्व त्यौहारों के इस मौसम में कहीं से कतई कोई लापरवाही न करें। दो गज दूरी और मास्क जरूरी के मूल मंत्र को खुद याद रखें और लोगों को भी याद दिलाते रहें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने में सर्वोत्तम प्रयास किया है। पटरी कारोबारियों को ऋण देने के मामले में भी नंबर वन रहा। देश में अब तक इस योजना के तहत हुए २५ लाख पंजीकरण में से करीब सात लाख पंजीकरण सिर्फ उप्र से हुए हैं। यही नहीं ऋण लेने में लगने वाले स्टैंप ड्यूटी को भी उत्तर प्रदेश सरकार ने भी माफ कर दिया है। कोराना के असाधारण संकट के दौरान हर जरूरतमंद को भरण–पोषण भत्ता, राहत, हर पात्र को अग्रिम पेंशन देकर गरीबों की चिंता कर उत्तर प्रदेश सरकार ने सराहनीय काम किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इतने कम समय में इतने लोगों को बिना किसी औपचारिकता के घर लाभाध्थयों के घर जाकरकर्ज देना बिना बैंकर्स की मदद से संभव नहीं था। गरीबों का जीवन बेहतर करने के लिए आपके इस काम के बदले वह जरूर आपको आशीर्वाद देंगे। पटरी दुकानदारों को अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पटरी व्यवसाई जो ऋण के लिए आवेदन देगा उनको इस योजना से संतृप्त किया जाएगा। अब तक करीब सात लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। ६.५३ लाख लोगों ने ऋण के लिए आवेदन किया। इनमें से करीब पौने चार लाख लोगों को ऋण मंजूर किया जा चुका है। करीब २.७४ लाख लाख लोगों को ऋण मिल भी चुका है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रदेश के पटरी कारोबारियों से मुखातिब होना, हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। यह समाज का सबसे वंचित वर्ग है। इनमें से अधिकांश रोज महंगे ब्याज पर कर्ज लेकर अपना कारोबार करते हैं। योजना के तहत मिले लाभ से अब वह अपने पैसे से कारोबार का अपने जीवन को पटरी पर ला सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सबसे जरूरतमंद तबके के लिए यह बेहतरीन योजना है। यकीनन पर्व त्यौहार के इस मौसम के दौरान मिली इस मदद से उनके और परिवार के जीवन में नई खुशियां आएंगी। मुख्यमंत्री ने कोरोना के प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री की तारीफ की। यह भी कहा कि आपके ही मार्ग निर्देशन में इस दौरान सरकार ने गरीबों और दूसरे राज्यों से घर वापस आए श्रमिकों की हर भरण–पोषण भत्ता, राशन, एडवांस पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के जरिए संभव मदद की। आज का यह कार्यक्रम भी उसी की एक कड़ी है।

## बिहार में नया भविष्य लिखने का समय है : सोनिया गांधी

नई दिल्ली। बिहार में पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से राज्य में बदलाव के लिए मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, आज, सत्ताधारी पार्टी सत्ता के घमंड में है और अपने रास्ते से भटक गई है। उन्होंने कहा, उनकी कथनी और करनी अच्छी नहीं हैं और मजदूर, किसान और युवा निराश हैं। अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में है, लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सोनिया ने कहा, हर कोई दुखी है, और बिहार के लोग महागठबंधन के साथ हैं। हिंदी में बोलते हुए, उन्होंने कहा, "दिल्ली और बिहार सरकारें बंदी सरकार है नोटबंदी, तालाबंदी, व्यापार बंदी, आर्थिक बंदी, खेत–खलिहान बंदी, रोटी–रोजगार बंदी सरकार हैं। इसलिए आगामी पीढ़ियों और नई उपज पैदावार के लिए, एक नए बिहार के निर्माण के लिए, राज्य के लोग तैयार हैं। परिवर्तन की बयार है। परिवर्तन ऊर्जा और नए विचार लाता है। समय एक नया अध्याय शुरू करने का है।" कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "बिहार में कौशल की शक्ति है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन और



मुद्रास्फीति ने लोगों को केवल रुलाया है। बिहार रास्ता दिखा सकता है और यह भारत का दर्पण है और यह देश का आत्मविश्वास है। सभी सवालों का जवाब एक नए और उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट देना है।" उन्होंने कहा, "सत्ता के दंभ में वर्तमान बिहार सरकार अपने रास्ते से भटक गई है। न तो उनकी कथनी अच्छी है और न करनी। मजदूर असहाय हैं, किसान चिंतित हैं और युवा निराश हैं। जनता कांग्रेस महागठबंधन के साथ है।" सोमवार को, सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर राजनीतिक विरोधियों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों को निशाना बनाने के लिए हमला किया था और आगाह किया था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र दोराहे पर है, क्योंकि 'असहमति को आतंकवाद या ब्रांडेड राष्ट्र विरोधी गतिविधि के रूप में देखा जाता है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। २४३ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव तीन चरणों में होंगे। २८ अक्टूबर को ७१ सीटों के लिए, ३ नवंबर को ९४ सीटों के लिए और ७ नवंबर को शेष ७८ सीटों के लिए चुनाव होंगे। परिणाम १० नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस संग शातिर गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर एक शातिर को ३२ वोर के अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस संग गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित सहसेवीर मंदिर के पास से एक शातिर युवक को ३२ वोर के अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस संग गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय संजय सोनकर पुत्र रामचन्द्र सोनकर १६२/१५४ मौलवीगंज अस्तबल चारबाग थाना वजीरगंज हाल पता जयप्रकाश नगर थाना कृष्णा नगर के रूप में दिया है। पकड़े गए शातिर के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## नासा ने चांद की सतह पर पानी की पुष्टि की

वाशिंगटन। अमेरिकी स्पेस रिसर्च एजेंसी नासा ने कहा कि उसने पहली बार चंद्रमा की सतह पर पानी के निशान पाए हैं। यह खोज नासा और जर्मन एयरोस्पेस सेंटर की संयुक्त परियोजना इन्फ्रारेड एस्ट्रोनमी (एसओएफआईए–सोफिया) के लिए स्ट्रेटोस्फेरिक वेधशाला का उपयोग करके की गई है। नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जिम ब्रिडेनस्टाइन ने ट्वीट किया, हमने पहली बार सोफिया टेलिस्कोप का इस्तेमाल कर चंद्रमा की उस सतह पर पानी की पुष्टि की है जहां सूरज की किरण पड़ती है। नेचर एस्ट्रोनमी जर्नल में प्रकाशित परिणामों से पता चलता है कि पानी या तो छोटे उल्कापिंड के प्रभाव से बना है या सूर्य से निकले ऊर्जा के कणों से पैदा हुआ है। इससे पता चलता है कि पानी चंद्रमा के ठंडे क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है और इसे चांद की पूरी सतह पर पाया जा सकता है। ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, हम अभी तक यह नहीं जानते हैं कि हम इसे एक संसाधन के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं या नहीं, लेकिन चंद्रमा पर पानी के बारे में जानकारी हमारे शोध के लिए काफी महत्वपूर्ण है। सोफिया ने चंद्रमा के दक्षिणी गोलार्ध में स्थित पृथ्वी से दिखाई देने वाले सबसे बड़े क्रेटरों में से एक, क्लेवियस क्रेटर में पानी के अणुओं का पता लगाया है। चंद्रमा की सतह के पिछले अवलोकनों से हाइड्रोजन के कुछ रूप का पता चला था, लेकिन पानी और इसके करीबी रासायनिक




पदार्थ के बीच अंतर करने में असफल था। शोध से पचा चला है कि चांद की सतह पर एक घन मीटर मिट्टी में लगभग १२–औंस की बोतल के बराबर पानी है। नासा मुख्यालय में विज्ञान मिशन निदेशालय में एस्ट्रोफिजिक्स डिवीजन के निदेशक पॉल हर्ट्ज ने कहा कि हमें संकेत मिले थे कि चांद की सूरज की किरणों वाली सतह पर पानी मौजूद हो सकता है। अब हम जानते हैं कि पानी वहां है। यह खोज चांद की सतह की हमारी समझ को चुनौती देती है और गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रासंगिक संसाधनों के बारे में पेचीदा सवाल उठाती है।

# अद्भुत झील : रहस्यमय लोनार झील

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया के कुछ झील अपने क्रिस्टल क्लीअर नीले पानी के लिए प्रसिद्ध हैं, तो कुछ झील अपने आकार के लिये, कुछ अपने प्राकृतिक सौंदर्यों के लिए, भारत के महाराष्ट्र राज्य में भी एक झील ऐसी है, जो विश्व में अपने एक अनोखे और अद्भुत कारण के लिए प्रसिद्ध है. यह झील दुनिया में इसलिए प्रसिद्ध है कि इस लोनार झील का निर्माण एक उल्का पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण हुआ था. ये बात जानकर पृथ्वी की तरफ बीस किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से आकर पूर्व से ३० अंश कोण में पृथ्वी से टकराया. ,इस वजह से वहा उल्का से निर्मित एक गड्ढा निर्माण हुआ. पृथ्वी से टकराने के बाद उल्कापिंड तीन हिस्सों में टूट चुका था और उसने लोनार के अलावा अन्य दो जगहों पर भी झील बना दी. हालांकि अब अन्य दो झीलें पूरी तरह सूख चुकी है पर लोनार में आज भी पानी मौजूद है. प्रकृति ने इस विशालकाय गड्ढे को एक इस जगह पर समूचे विश्व की निगाह है. अमरीकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा का मानना है कि, बेसाल्टिक चट्टानों से बनी यह झील बिलकुल वैसी ही है, जैसी झील मंगल की सतह पर पायी जाती है, यहाँ तक कि, इसके जल के रासायनिक गुण भी मंगल पर पायी गयी झीलों के रासायनिक गुणों से मिलते जुलते हैं. लोनार सरोवर बेसाल्ट खड़क में बना एक मात्र बड़ा सरोवर है. सरोवर के परिसर में चुंबकीय है. ये झील सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि अब दुनिया में प्रसिद्ध हो चुकी है. लगभग वर्ष २००६ के आस पास लोनार झील में अजीब हलचल हुई. झील का पानी अचानक भाप बनकर उड़ने लगा. समीपवर्ती लोगों ने झील में पानी की जगह नमक और अन्य खनिजों के चमकते टुकड़े देखे. बाद में लोनार झील का पानी रंग बदलने लगा. बाद में इस झील के पानी के रंग बदलने का भी खुलासा हुआ. बताया गया कि पानी में बखूबी दर्शाते हैं. अभी भारतीय वैज्ञानिकों के साथ–साथ नासा के वैज्ञानिक भी इस झील के रहस्यों को सुलझाने में लगे है. अभी और भी कई बातों का सामने आना बाकी है, क्योंकि इस झील से जुड़ा एक रहस्य खुलता है, तो उसके साथ एक और नया रहस्य सामने आ जाता है. इस संबंध में न केवल भारत सरकार ही नहीं बल्कि दुनिया भर के वैज्ञानिक खोज में लगे हुए हैं. भारत और अमेरिका के भूगर्भ सर्वक्षण विभाग, नासा से



आपको हैरानी भी हो सकती है. मन में सवाल उठ सकता है क्या ये बात सोलह आने सच है ? लेकिन दुनिया के बड़े बड़े वैज्ञानिकों ने इस बात पर अपनी मुहर लगाई हैं कि इस झील का निर्माण उल्का पिंड के पृथ्वी से टकराने से ही हुआ था. हालांकि ये सुनकर मन में एक अजीब सा कौतूहल पैदा होता है कि यह झील कैसी होगी ? बावन हजार साल पहले एक घटना घटी, जिसका परिणाम विनाशकारी था, घटना यह थी कि २० लाख टन की उल्का पिंड अनोखे सरोवर में बदल दिया. घ्यह खूबसूरत, अद्भुद और सुंदर झील समुद्र तल से १,२०० मीटर ऊँची सतह पर लगभग १०० मीटर के वर्ग में फैला हुआ है. इस झील का व्यास करीब १.८ किलोमीटर हैं. ये झील ५ से ८ मीटर तक सिर्फ खारे पानी से भरी हुई है झील की गहराई लगभग ५०० मीटर है. कहा जाता है की, सरोवर के पानी में समय समय पर बदलाव होते, यह झील अन्तरिक्ष विज्ञान की एक ऐसी उन्नत प्रयोगशाला है, जहा पर कई राज छिपे हुए हैं. खड़क और स्पटिक मिलते है. इस झील से ओजोन वायु तैयार होता है. सरोवर के आसपास बहुत सारे औषधीय पेड़ पौधे है और इस सरोवर के पानी में अनेक प्रकार के क्षार होने के कारण ये पानी त्वचा रोग पर बहुत गुणकारी है. इसके पानी में क्षार की अधिक मात्रा होने के कारण इसमें भी जलचर प्राणी नहीं है और इसमें कोई नहीं रह सकता. यह बात सोचकर बड़ा अच्छा लगता है की, एक टूटे हुए तारे के जमीन पर गिरने से ये सूंदर झील बन गई हालोआर्चिया जीवाणुओं के बड़ी संख्या में उपस्थिति के कारन उसका पानी गुलाबी हो गया . वैज्ञानिको ने बताया कि हालोआर्चिया एक ऐसा जीवाणु होता है जो गुलाबी रंग पैदा करता है और वह खारे पानी में जीवित रह सकता है. इस झील को दो नदियों, पूर्णा और पेंगंगा का पानी भरा हुआ रखता हैं. बारिश के अलावा इन दो नदियों से ही इस सरोवर में पानी आता है. इस सरोवर के किनारे ही स्थापित कई मंदिर इसके इतिहास को लेकर स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूट ऑफ वाशिंगटन के तमाम वैज्ञानिकों को इस झील ने हैरानी में डाल दिया है. इस रहस्यमय, अद्भुद, खूबसूरत झील का नजारा देखने के लिए आपको महाराष्ट्र में जाना पड़ेगा और यात्रा के लिए सर्दियों में और बारिश में जाना अच्छा रहेगा, क्योंकि यहा गर्मियों में बहुत गर्म वातावरण रहता है. इस मौसम में झील के चारों तरफ हरी घास होने की वजह से यह जगह शांत और मन को सुकून देने वाली लगती है।

## पुलिया के बीचों–बीच गड्ढा दे रहा दुर्घटना को दावत

गोला गोकर्णनाथ–खीरी। नगर से सटी ग्राम पंचायत पुनर्भुग्रंट की गुप्ताकालोनी व इस्लामनगर के मुख्य सम्पर्क मार्ग की पुलिया के बीचों बीच बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है। जिससे निकलने वाले राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं और अक्सर कोई न कोई मोटरसाइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। ज्ञात हो कि गुप्ता कलोनी में कन्या महाविद्यालय सहित कई स्कूल भी हैं, उसमें अध्ययनरत सैकड़ों छात्र–छात्राएं व हजारों राहगीर प्रतिदिन इसी मार्ग से निकलते हैं। मगर किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि का ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं हो पा रहा है, शायद यह लोग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। बस्ती में रहने वाले तथाकथित समाजसेवियों के मुंह में भी इस समस्या को लेकर ताला जड़ा हुआ है। कई बार इस संबंध में यहां के लोगों ने शोशल मीडिया पर इस समस्या की आवाज उठाई किन्तु कोई निराकरण न निकलता देख हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद पांडेय व युवा सपा नेता मृदुल शुक्ला ने उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार लोग इस समस्या को हल करने में रुचि दिखाते हैं या मौन धारण कर किसी बड़े हादसे का इंतजार करते हैं।

## कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर किया सम्मानित

मोहम्मदी खीरी। जेपी इंटर कॉलेज मोहमदी खीरी में विद्यालय परिवार द्वारा डॉ हरिनाथ उपाध्याय के शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर विद्यालय में माल्यार्पण करके अभिनंदन एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई और शिक्षकों ने हर प्रकार का समर्थन देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार खरे , कैलाश नाथ बाजपेयी बिजेंद्र सिंह, विभव अवस्थी, संजय कटियार, रामस्वरूप रावत , आशीष मिश्रा , अर्जुन यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह, दिलीप कुमार , रूप चंद्र वर्मा, हनुमान प्रसाद पांडेय, नीरज गुप्ता, राजवीर सिंह, अशोक कुमार गुप्ता बृजेन्द्र कुमार, रमन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता को मातृ शोक

गोला गोकर्णनाथ–खीरी। भाजपा जिलाउपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की माताजी का निधन मंगलवार को दोपहर लगभग एक बजे के करीब हो गया। उन्हें सांस लेने में हो रही दिक्कत के चलते उपचार हेतु शाहजहांपुर ले जाया जा रहा था। श्री शुक्ल ने बताया कि माता जी की उम्र ७५ वर्ष थी। माता जी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## डग्गामार वाहनों से राजस्व का नुकसान

मोहम्मदी–खीरी। मोहम्मदी से ही नही पूरे जनपद के प्रमुख नगरो एवं कस्बो से दिल्ली तक लगभग दो दर्जन डग्गामार बसे कौन चलवा रहा है। जिनको प्रशासन, पुलिस एवं परिवाहन विभाग तीनो ही अनदेखा किये है और रोज पचासो हजार का राजस्व चूना लग रहा है। इन डग्गामार बसो से यात्री कर का चूना तो लग ही रहा है साथ ही रोज इन बसो से पचासो लाख रूपयो का सामान बिना टैक्स अदा किये तस्करी कर दिल्ली से लाया जा रहा है। जिससे भी सरकार को रोज भारी राजस्व हानि हो रही है। मोहम्मदी, अमीर नगर सहित कई स्थानो से प्रतिदिन आधा दर्जन डग्गामार बसे प्रतिदिन दिल्ली जाती है और इतनी ही यहां के लिये दिल्ली से मोहम्मदी, अमीर नगर के लिये वापस आती है साथ ही लगभग इतनी ही बसे मोहम्मदी होकर गोला, अलीगंज एंव सिकन्दराबाद को वापस जाती। ये बसे कौन चलवा रहा, किसके संरक्षण में चल रही है रहस्य बना हुआ है। इन बसो से प्रतिदिन बीसियो लाख रूपयो का कपड़ा, इलेक्ट्रिक सामान, मोटर पार्टस, ड्राईफ्रूड, गरम मसाले सहित विभिन्न प्रकार का सामान दिल्ली से टैक्स चोरी कर तस्करी के रूप मं आता है। जिससे सरकार को प्रति यात्री कर के पचासो हजार सहित सामान पर लाखो रूपयो के कर की चोरी की जा रही है। सूत्रो की माने तो बिना वैध परमिट एवं रोड टैक्स दिये संचालित आश्यर्च की बात ये कि इन डग्गामार बसे नगर के पुवायां रोड, मोहम्मदी सरायं तिराहे पेट्रोल पम्प के पास इन बसो मे सवारिया भरी जाती है। इन डग्गामार अवैध रूप से संचालित बसो को कौन चलवा रहा है। अखबारो में समाचार छपने के उपरान्त भी कार्यवाही नहीं करते। जिम्मेदार बेखबर हैं क्यो ? सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# त्योहारों पर प्रधानमंत्री की अपील

नई दिल्ली। देश में चल रहे त्योहारों के सीजन में उत्सव मनाने और खरीदारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से अपील की। उन्होंने त्योहारों में लोगों से लोकल उत्पादों की खरीद करने का अनुरोध किया तो साथ ही यह भी कहा कि इस दिवाली लोग एक दीया सैनिकों के नाम का भी जलाएं। कोरोना वायरस को देखते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की भी सलाह दी। रविवार को रेडियो पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि कोरोना वायरस की इस महामारी के समय लोगों संयम से काम लें और मर्यादा में रहें। उन्होंने देश के लोगों से अनुरोध किया कि वे इस बार त्योहारों में खरीदारी करते हुए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से यह भी कहा कि त्योहारों के इस मौसम में वे जब भी अपने घरों में दीया जलाएं तो एक दीया देश के उन वीर जवानों के नाम जलाएं जो सरहदों पर देश की सुरक्षा में लगे हैं। उन्होंने कहा– त्योहारों की ये उमंग और बाजार की चमक, एक–दूसरे से जुड़ी हुई है। लेकिन इस बार जब आप खरीदारी करने



जाएं तो 'वोकल फर लोकल' का अपना संकल्प अवश्य याद रखें। बाजार से सामान खरीदते समय, हमें स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देनी है। प्रधानमंत्री ने कहा– जब त्योहार की बात करते हैं, तैयारी करते हैं, तो सबसे पहले मन में यहीं आता है, कि बाजार कब जाना है? क्या–क्या खरीदारी करनी है? कोरोना के इस संकट काल में, हमें संयम से ही काम लेना है, मर्यादा में ही रहना है। उन्होंने कहा कि देश के कई स्थानीय उत्पादों में वैश्विक होने की बहुत बड़ी शक्ति है और उनमें एक है खादी। कोरोना के समय में खादी के मास्क भी बहुत प्रचलित हो रहे हैं और देश भर में कई जगह स्व सहायता समूह और दूसरी संस्थाएं खादी के मास्क बना रहे हैं। मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों के मौसम में सरहदों की रक्षा कर रहे सैनिकों को भी याद रखना है उन्होंने कहा– वे भारत माता की सेवा और सुरक्षा कर रहें हैं। हमें उनको याद करके ही अपने त्योहार मनाने हैं। घर में एक दीया भारत माता के वीर बेटे बेटियों के सम्मान में भी जलाना है। मैं अपने वीर जवानों से भी कहना चाहता हूं कि आप भले ही सीमा पर हैं, लेकिन पूरा देश आपके साथ है। आपके लिए कामना कर रहा है।

# आइटम' वाले बयान पर कमलनाथ को चुनाव आयोग की सलाह

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता कमल नाथ को कहा है कि उन्होंने एक भाजपा महिला उम्मीदवार के संबंध में 'आइटम' जैसे किसी शब्द का इस्तेमाल कर चुनाव प्रचार के नियम का उल्लंघन किया है। आयोग ने उन्हें सलाह देते हुए कहा है कि किसी जनसभा को संबोधित करने के दौरान ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें, खासकर जब आचार संहिता लागू हो। डबरा में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा



प्रत्याशी इमरती देवी के लिए 'आइटम' शब्द का प्रयोग किए जाने के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने कमलनाथ को एक नोटिस जारी किया। इधर, भाजपा ने भी किसी महिला का अपमान करने के मद्देनजर कांग्रेस की आलोचना की है। दरअसल, राज्य के कुछ भाजपा नेताओं द्वारा शिकायत किए जाने और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा नाराजगी जताए जाने के बाद चुनाव आयोग की तरफ से कमलनाथ को नोटिस भेजा गया है।

## अब देर तक खुलेंगी शराब और बीयर की दुकानें

लखनऊ उत्तर प्रदेश में अब शराब और बीयर की फुटकर दुकानें सुबह १० से रात १० बजे तक खुलेंगी। अभी तक इनके खुलने का समय सुबह १० बजे से रात नौ बजे तक निर्धारित था। वहीं, कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर बनाए गए कंटेनमेंट जोन में पहले की तरह पाबंदी रहेगी। अपर आबकारी आयुक्त लाइसेंसिंग एवं औद्योगिक विकास हरिश्चंद्र ने मंगलवार को इससे संबंधित निर्देश जारी कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश में अंग्रेजी व देसी शराब की फुटकर दुकानें, माडल शॉप और बीयर शॉप अब सुबह १० बजे से रात १० बजे तक खुलेंगी। इस संबंध में आबकारी विभाग ने आदेश जारी किया है। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर २५ मार्च को देशव्यापी लकडाउन लागू होने पर शराब की दुकानें भी बंद हो गई थीं। राजस्व का नुकसान रोकने के लिए शासन ने चार मई को शराब की दुकानें खोलने का निर्णय लिया। सुबह १० से शाम सात बजे तक दुकानें खोलने की अनुमति मिली। करीब दो माह बाद दुकानें रात नौ बजे तक खोलने की अनुमति दी गई थी।

# बेका समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के साथ बेसिक एक्सचेंज एंड कॉपरेशन (बेका) समझौते को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यहां तीसरे टू प्लस टू संवाद के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा रक्षा मंत्री मार्क एस्पर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। सिंह ने बाद में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि वर्ष २०१६ में लेमोआ और २०१८ में कोमकासा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद यह समझौता इस दिशा में बड़ा कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके अलावा बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और अमेरिका एक दूसरे के रक्षा प्रतिष्ठानों पर जरूरत के अनुसार लायजन अधिकारियों को भेजेंगे। इससे जानकारी का आदान प्रदान बढेगा । उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दोनों देशों का सैन्य सहयोग बेहतर तरीके से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ सलाह के बाद हमने आस्ट्रेलिया को मालाबार अभ्यास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। बैठक के दौरान हमने पडोस और उससे आगे भी तीसरे देशों में क्षमता निर्माण और साझा सहयोग की गतिविधियों की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इस तरह के प्रस्तावों पर हमारे एक जैसे विचार हैं और इनको आगे बढाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह समुद्री क्षेत्र में सहयोग को बढाने के अनुरोध को स्वीकार किये जाने का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में हमारी स्पष्ट और उपयोगी चर्चा हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में शुरू की गयी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की पहल का भी उल्लेख किया गया और इस बात पर जोर दिया गया कि यह इस क्षेत्र में सहयोग की महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति का भी संयुक्त रूप से आकलन किया गया। इस संदर्भ में हम इस क्षेत्र में शांति , स्थिरता और सभी देशों की समृद्धि के प्रति अपनी वचनबद्धता को लेकर दृढ हैं। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर भी सहमत हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में नियम आधारित शासन, नौवहन की स्वतंत्रता और सभी देशों की प्रादेशिक अखंडता और संप्रभुता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा सहयोग इन लक्ष्यों को आगे बढाने पर आधारित है। सिंह ने कहा कि भारत अमेरिकी विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री की यात्रा का स्वागत करता है और इस दौरान दोनों पक्षों के बीच रचनात्मक तथा उपयोगी संवाद हुआ। दोनों पक्ष रक्षा, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे।

## युवा नेताओं का सियासी भविष्य दांव पर

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रथम चरण के २८ अक्टूबर को होने वाले मतदान को लेकर कई युवा नेताओं के सियासी भविष्य भी दांव पर लगे हैं। प्रथम चरण में २८ अक्टूबर को ७१ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में कई युवा ऐसे हैं, जिसके राजनीतिक भविष्य को मतदाता तय करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय शूटर श्रेयसी सिंह ने जमुई से चुनावी मैदान में उतरकर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की है। श्रेयसी भले ही खिलाड़ी रही हों लेकिन उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता स्वर्गीय दिग्विजय सिंह केंद्रीय मंत्री रहे हैं जबकि उनकी मां पुतुल सिंह सांसद रही है। पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उसमें कहलगांव और सुल्तानगंज सीट भी शामिल है। इनमें कांग्रेस ने दो युवा चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा है। कहलगांव से कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद सिंह के पुत्र शुभानंद मुकेश का सियासी सफर दांव पर है वहीं सुल्तानगंज से युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा नेता ललन यादव भी चुनावी मैदान में है। ललन की सुल्तानगंज में अच्छी पैठ है जबकि जातीय समीकरण भी इनके पक्ष में दिखाई दे रहा है। ललन कहते हैं कि उनका सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि युवा उनके साथ हैं। इधर, तारापुर विधानसभा क्षेत्र से युवा चेहरा दिव्या प्रकाश का भी सियासी भविष्य मतदाता करेंगे। दिव्या प्रकाश सांसद जयप्रकाश यादव की पुत्री हैं। इस चरण की सबसे युवा प्रत्याशी दिव्या प्रकाश की तो उम्र केवल २८ साल है और वो चुनावी समर में उतरी हैं। दिव्या पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव की बेटी हैं और वो राज्य की तारापुर सीट से राजद की टिकट पर उम्मीदवार हैं। उनका कहना है कि युवा वर्ग उन्हें विधानसभा पहुंचाने का मन बना चुका है। प्रथम चरण का कल प्रचार समाप्त होने के बाद सभी युवा प्रत्याशी मतदाताओं के घर पहुंच रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। बिहार के चुनावी दंगल में राजग से सीधी टक्कर विपक्षी दल के महागठबंधन से मानी जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैं। जबकि केंद्र में राजग की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) यहां अलग होकर चुनाव मैदान में है। इधर, महागठबंधन में राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। बिहार में विधानसभा की २४३ सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव होना है। इसके तहत प्रथम चरण के लिए २८ अक्टूबर को ७१ सीटों पर, दूसरे चरण के लिए तीन नवंबर को ६४ सीटों पर और तीसरे चरण के लिए सात नवंबर को ७८ सीटों के लिए मतदान होगा। वहीं वोटों की गिनती १० नवंबर को होगी।

# युवक के खाते से उड़ाये 59 हजार रूपये

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली के गदियाना गांव के एक युवक के खाते से आनलाइन सक्रिय जालसाजो ने तीन दिन के अन्तराल में ५६५०० रूपये की रकम गायब कर दी ,पैसो की जरूरत पड़ने पर सोमवार को युवक मोहनलालगंज स्थित सिडिकेंट बैंक में पैसे निकालने पहुंचा तो कर्मचारियों ने बताया उसके खाते में एक भी पैसा नही है। जिसके बाद युवक के होश उड़ गये ओर उसने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की।जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात जालसाज के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर जांच में साइबर सेल की मदद से पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। मोहनलालगंज के गदियाना गांव निवासी योगेन्द्र सिहं ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उनका मोहनलालगंज कस्बे में स्थित सिडिकेंट बैक में खाता है, सोमवार को पैसो की जरुरत पड़ने पर वो बैंक में पैसे निकालने पहुंचे तो कर्मचारियों ने खाते में एक पैसा भी ना होने की बात कही ये सुनकर योगेन्द्र के होश उड़ गये,जिसके बाद उन्होने बैंक से स्टेटमेंट निकाला तो पता चला बीते १२–१४ अक्टूबर के बीच तीन बार में आनलाइन सक्रिय जालसाजो ने खाते से ५६५०० रूपये की बड़ी रकम गायब कर दी। पीड़ित योगेन्द्र ने बताया बैंक खाते से मोबाइल नम्बर लिंक होने के बाद भी पैसे कटने का मैसेज तक नही आया। इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने बताया पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात जालसाजो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी गयी है।

# योगी सरकार में बहन–बेटियां नहीं महफूज है : लल्लू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश बलात्कारियों का हब बन चुका है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दे कर सरकार बनाने वाले योगी की सरकार में महिलाएं और बच्चियां सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। लल्लू आज जौनपुर में पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडाराज कायम है। बहन बेटिया महफूज नही है। वहीं लचर प्रशासन, कानून व्यवस्था और सरकार के गैरजिम्मेदाराना रवैये के चलते हत्या और बलात्कार की घटनाओं से पूरा प्रदेश कराह रहा है। गुंडे और अपराधी खुलेआम अपराध को अंजाम दे रहे हैं। सरकार इन पर अंकुश लगाये जाने के बजाये विपक्ष की आवाज को कुचलने पर तूली है। और पीड़ित को ही दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि मंहगायी चरम पर है।



कोरोना काल के चलते जब लाखों–लोगों ने अपनी नौकरी गंवा दिया हो, उद्योग–धंधे चौपट हो गए हो, लोगो की आमदनी घट गयी हो। ऐसे में ४० से ४५ रुपये किलो आलू और ६० से १०० रुपये किलो में प्याज खरीदने में जनता मजबूर हो रही है जिसके चलते आम आदमी का जीवन यापन मुश्किल हो चला है। लल्लू ने कहा कि किसान सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। गन्ना किसानों का करोडों रुपये बकाया है, पिराई का नया सत्र शुरू होने जा रहा है सरकार किसानों का बकाया भुगतान करने में अक्षम साबित हो रही है। किसानों को अपनी खेत के सिंचाई के लिए लगे पम्पिंग सेट का पहले के मुकाबले तीन गुने अधिक बिजली का बिल चुकाना पड़ रहा है। दूसरी तरफ किसानों की तैयार फसल धान सरकार तय की गयी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं हो पा रही है और किसान मजबूरन १८८६ रुपये के मुकाबले ११००–१२०० रूपये पर अपनी फसल बेच रहा है।

# बेकाबू महंगाई पर भाजपा सरकार मौन : प्रियंका

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि त्योहार के मौसम में बेकाबू मंहगाई से उत्तर प्रदेश की जनता त्रस्त है जबकि झूठे प्रचार में करोड़ो रूपये खर्च



करने वाली राज्य की भाजपा सरकार जनता की परेशानी पर चुप्पी साधे हुये है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया पूरे उप्र में त्योहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप्प पड़े हैं लेकिन करोड़ों रुपए झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी दुकानदारों के संवाद पर कांग्रेस नेता ने कहा आज पीएम साहब यूपी के कुछ रेहड़ी–पटरी दुकानदारों से बात करेंगे। पूरे लकडउन में रेहड़ी–पटरी वालों, छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी–रोटी उजड़ गई। रेहड़ी–पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है। गौरतलब है कि खाद्य पदार्थो के अलावा सब्जी और फल के दामों में हाल के दिनों में उत्तरोत्तर उछाल दर्ज किया जा रहा है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# साक्षी महाराज एक बार फिर अपने विवादास्पद बोल

## आबादी के अनुपात में हो श्मशान, कब्रिस्तान : साक्षी महाराज

उन्नाव। भाजपा सांसद साक्षी महाराज एक बार फिर अपने विवादास्पद बोल की वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न जगहों पर श्मशान और कब्रिस्तान दोनों प्रमुख समुदायों की आबादी के हिसाब से होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि "मुसलमानों को भी शवों को दफनाने के बजाय जलाना शुरू कर देना चाहिए। महाराज रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार श्रीकांत कटियार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सवालिया लहजे में कहा, "देश में लगभग २–२.५ करोड़ साधु हैं और अगर हम उन सभी के लिए समाधि



बनाना शुरू कर दें, तो कोई भी कल्पना कर सकता है कि उसके लिए कितनी जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसी तरह, भारत में २० करोड़ मुस्लिम हैं, और अगर सभी को दफनाना पड़ेगा तो फिर कितनी जमीन बचेगी? साक्षी महाराज ने आगे कहा कि एक कानून होना चाहिए, जिसके तहत दफनाने के लिए कोई जमीन नहीं दी जानी चाहिए और सभी समुदायों को दाह संस्कार का विकल्प चुनना चाहिए। "अन्यथा, एक दिन, हमारे पास देश में खेती के लिए जमीन भी नहीं बचेगी। हमारे धैर्य और शालीनता की परीक्षा नहीं होनी चाहिए। सांसद महाराज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी ने कहा कि "भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है, जो वे हर चुनाव में किया करते हैं।

## वाणी कपूर की इस साल आएगी ३ बड़ी फिल्में


मुंबई। अभिनेत्री वाणी कपूर की तीन बड़ी फिल्में रिलीज होने के इंतजार में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि काम के मामले में यह साल उनके लिए काफी अच्छा रहा है



और इस बात से वह इंकार नहीं कर सकती हैं। आने वाले समय में वाणी अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'बेल बॉटम' में नजर आएंगी, 'शमशेरा' में वह रणबीर कपूर के साथ दिखाई देंगी और इसके अलावा, वह आयुष्मान खुराना अभिनीत 'चंडीगढ़ करे आशिकी' का भी हिस्सा हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं इस बात से इंकार नहीं कर सकती कि यह साल काम के सिलसिले में मेरे लिए अच्छा रहा है। मैं खुश हूं कि मुझे इस तरह के मौके मिल रहे हैं। मैं इतना व्यस्त कभी नहीं रही हूं।

# अमिताभ ने शेयर की दुल्हन बनीं कैटरीना की तस्वीर

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ की दुल्हन के लिबास में एक तस्वीर शेयर की



है। अमिताभ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह आए दिन फैंस के साथ पुरानी यादें शेयर करते हैं। अमिताभ ने कैटरीना कैफ के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की। शेयर की इस तस्वीर में कैटरीना दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं। कैटरीना ऑफ व्हाइट कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन भी मैचिंग शेरवानी में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ अमिताभ बच्चन ने बेहद ही खूबसूरत कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा, "अचानक हमें एक तस्वीर मिल गयी है, ढूंढा नहीं हमने ,पन्ना पलटते मिल गयी हैय सोचा, देवी जी गहनों में अच्छी लग रही हैं, नीचे बैठे मान्यवर, हमी हैं , हमी हैं। अमिताभ बच्चन और कैटरीना कैफ फिल्म ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान में साथ काम कर चुके हैं। अमिताभ इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति सीजन १२ को भी होस्ट कर रहे हैं। वह आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र और नागराज मंजुले की झुंड में भी दिखाई देंगे। कैटरीना फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाली हैं।

# ओटीटी पर मुकाबला और भी तेज है : विक्रम भट्ट

मुंबई। फिल्मकार विक्रम भट्ट का कहना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मुकाबला काफी बढ़ गया है। विक्रम जल्द ही अपने अगले वेब सीरीज की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, "मैं शायद नेट पर सीरियस फिक्शन शुरू करने वाला पहला इंसान हूं। 'माया' और 'ट्विस्टेड' दोनों का चौथा सीजन चल रहा है और मुझे इसकी बेहद खुशी भी हो रही है। हालांकि इन सालों में ओटीटी पर पासा पलट गया है और यहां विषयसामग्री व मुकाबला



दोनों धुआंदार हो गई हैं। विक्रम अपनी अगली परियोजना 'डर्टी गेम्स' संग वापसी करने जा रहे हैं। संदीपा धर और ओंकार कपूर अभिनीत इस थ्रिलर वेब सीरीज की शूटिंग २७ अक्टूबर से मुंबई में शुरू होगी। विक्रम भट्ट ने इसे लिखा और निर्देशित किया है और उनकी बेटी कृष्णा भट्ट इसकी निर्माता हैं। सीरीज में खालिद सिद्दिकी और समय ठक्कर जैसे सितारें भी हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित। आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar @yahoo.in
adbhut_samachar @rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक